राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक : प.14(9)RSMSSB/अर्थना/म.बा.वि.(अनु.क्षेत्र)/2015/पार्ट–II/153 दिनांक : 18.03.2016

कार्यालय आदेश

महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत समेकित बाल विकास सेवाऐं के लिए राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 एवं राजस्थान महिला एवं बाल विकास (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–1998 के अन्तर्गत पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 की परीक्षा दिनांक 20.12.2015 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 06.01.2016 को जारी किया गया था। इस परीक्षा में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच मूल दस्तावेजो से म.बा.वि. विभाग के द्वारा दिनांक 21.01.2016 से 22.01.2016 तक करवाई गई थी। इस जांच में 01 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा है। बोर्ड ने इसे पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर ओर देने का निर्णय लिया है। अतः पर्यवेक्षक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2015 में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित इन 01 अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अभ्यर्थी दिनांक 30.03.2016 को प्रातः 10.00 बजे **निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास विभाग, 2, जल पथ, गांधी नगर, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजो के साथ उपस्थित होवें :–

S. No.	Merit No.	Roll NO	NAME	Catg.
1.	59	409741	PRIYANKA PRAJAPAT	GENF

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें।

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पर्यवेक्षक(अनुसूचित क्षेत्र) पद के लिये दिनांक 07.07.2015 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, आचरण, जाति, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजें की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
6. अन्य सूचनाएं बोर्ड के पूर्व कार्यालय आदेश क्रमांक प.14(9)RSMSSB/अर्थना/म.बा.वि.(अनु.क्षेत्र)/2015/23 दिनांक 07.01.2016 के अनुसार ही यथावत रहेगीं। यह आदेश बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 मीना)
अध्यक्ष